Rajshree
PAGE NO.
DATE:

व्याकरण

परिभाषा

वचन - संज्ञा या सर्वनाम शब्द के जिस रूप से, उसके संख्या में एक अथवा एक से अधिक होने का पता चलता है, उसे वचन कहते हैं।

वचन के दो प्रकार होते हैं।

1) एक वचन 2) बहुवचन

1) **एक वचन** - शब्द के जिस रूप से उसके संख्या में एक होने का पता चलता है वह एकवचन कहलाता है।

जैसे- पुस्तक, लड़का, स्त्री, चाबी, पंखा, पत्ता आदि।

2 **बहुवचन** - शब्द के जिस रूप से उसके संख्या में एक से अधिक होने का पता चलता है, वह बहुवचन कहलाता है।

जैसे- पुस्तकें, लड़के, स्त्रियाँ, चाबियाँ, पत्ते, पंखे आदि।

वचन बदलने के कुछ महत्वपूर्ण नियम

1. 'अ' को 'एँ' में बदलकर

एकवचन	बहुवचन
ख़बर	ख़बरें
पुस्तक	पुस्तकें
बात	बातें
छत	छतें
बहन	बहनें
दुकान	दुकानें

2.

3. 'आ' वाले शब्दों में 'एँ' जोड़कर 4.

एकवचन	बहुवचन
कथा	कथाएँ
योजना	योजनाएँ
माला	मालाएँ
महिला	महिलाएँ
दुआ	दुआएँ
कविता	कविताएँ

5. 'ई' के स्थान पर 'इयाँ' करके 6.

एकवचन	बहुवचन
लड़की	लड़कियाँ
नारी	नारियाँ
टोपी	टोपियाँ
नदी	नदियाँ

7. कुछ शब्दों में लोग, वर्ग, जन, गण, दल

एकवचन	बहुवचन
मित्र	मित्रगण
नेता	नेतालोग
पाठक	पाठकवर्ग

हमने सीखा

- वचन से किसी वस्तु की एक या एक से अधिक संख्या का पता चलता है।
- वचन दो प्रकार के होते हैं– एकवचन तथा बहुवचन।
- कुछ शब्द एकवचन तथा बहुवचन दोनों रूपों में प्रयोग किए जाते हैं।
- आदर देने के लिए एकवचन के स्थान पर बहुवचन शब्दों का प्रयोग किया जाता है।
- संज्ञा या सर्वनाम के वचन परिवर्तन के साथ-साथ क्रिया का रूप भी बदल जाता है।
- द्रव्यवाचक तथा भाववाचक संज्ञाओं का प्रयोग प्रायः एकवचन के रूप में होता है।

अभ्यास

(लेखन गतिविधि)

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

(क) वचन किसे कहते हैं? ये कितने प्रकार के होते हैं?

(ख) एकवचन किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

(ग) बहुवचन किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

(घ) किन संज्ञाओं का प्रयोग सदैव एकवचन के रूप में होता है?

2. **नीचे लिखे एकवचन शब्दों का उनके बहुवचन से मिलान कीजिए–**

(क)	नारी	(i)	पुस्तकें
(ख)	तिथि	(ii)	चिड़ियाँ
(ग)	कथा	(iii)	नारियाँ
(घ)	पुस्तक	(iv)	कथाएँ
(ङ)	चिड़िया	(v)	तिथियाँ

3. **निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन शब्दों के वचन बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए–**

(क) नितिन की बहन बहुत अच्छी है।

नितिन की बहनें बहुत अच्छी हैं।

(ख) पिता जी ने नई घड़ी खरीदी है।

पिता जी ने नई घड़ियाँ खरीदी हैं।

(ग) वृक्ष पर तोता बैठा है।

वृक्षों पर तोते बैठे हैं।

(घ) पिता जी राहुल के लिए खिलौना लाए।

पिता जी राहुल के लिए खिलौने लाए

(ङ) कौआ काँव-काँव करता है।

कौए काँव-काँव करते हैं।

4. निम्नलिखित शब्दों में से एकवचन तथा बहुवचन शब्द अलग-अलग कीजिए-

डिब्बा, नदियाँ, झंडा, केले, कॉपियाँ, बच्चे, पुस्तक, पौधा, खिलौने, चिड़िया

एकवचन	बहुवचन
डिब्बा	नदियाँ
झंडा	केले
पुस्तक	कॉपियाँ
पौधा	बच्चे
चिड़िया	खिलौने

5. निम्नलिखित शब्दों को एकवचन तथा बहुवचन के रूप में प्रयोग करके वाक्य H.W

(क) साधु (एकवचन) ____________________

साधु (बहुवचन) ____________________

(ख) छात्र (एकवचन) ____________________

छात्र (बहुवचन) ____________________

(ग) पक्षी (एकवचन) ____________________

पक्षी (बहुवचन) ____________________

(घ) वस्तु (एकवचन) ____________________

वस्तु (...